बिहार सरकार

समाज कल्याण विभाग

राज्य बाल संरक्षण समिति, बिहार

द्वितीय तल, अपना घर (ललित भवन के पीछे)

बेली रोड, पटना-800023, बिहार।

**(विज्ञापन संख्या-SCPS/01/2026)**

**"मिशन वात्सल्य योजना" अंतर्गत सरकार द्वारा संचालित बाल देखरेख संस्थानों में संविदा आधारित पद पर कर्मियों के नियोजन हेतु विज्ञापनः-**

राज्य बाल संरक्षण समिति (SCPS) पटना, बिहार अंतर्गत जोखिमग्रस्त बच्चों के संरक्षण एवं पुनर्वासन हेतु केन्द्र प्रयोजित 'मिशन वात्सल्य योजना' का क्रियान्वयन किया जा रहा है। समिति द्वारा इन बच्चों हेतु सांस्थानिक देखभाल के अंतर्गत बाल देखरेख संस्थानों का संचालन किया जा रहा है। योजना के सुचारू रूप से कार्यान्वयन हेतु SCPS द्वारा बाल देखरेख संस्थानों के निम्नांकित संविदा आधारित पदों पर आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:-

| क्र० | कार्यालय का नाम | पदनाम | संख्या | कोटि | मानदेय | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बाल गृह (बालक)/बाल गृह (बालिका) | अधीक्षक | 31 | SC-2, SC (Female)-4, ST-1, ST (Female)-1, EBC-2, EBC (Female)-5, BC-1, BC (Female)-2, WBC-2, EWS-2, EWS (Female)-1, UR-3, UR (Female)-5 | 35,400 | (इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा निर्धारित DA के समतुल्य राशि देय होगी।) |
| 2. | | लेखापाल-सह-भण्डारपाल | 29 | SC-3, SC (Female)-3, ST-1, ST (Female)-1, EBC-3, EBC (Female)-4, BC-2, BC (Female)-1, WBC-2, EWS-1, EWS (Female)-1, UR-2, UR (Female)-5 | 25,500 | |
| 3. | | परिवीक्षा अधिकारी/ केस वर्कर/बाल कल्याण अधिकारी | 27 | SC-3, SC (Female)-3, ST-1, ST (Female)-1, EBC-3, EBC (Female)-4, BC-2, BC (Female)-2, WBC-2, EWS-1, EWS (Female)-1, UR-2, UR (Female)-2 | 18,000 | |
| 4. | | परामर्शी (गृह) | 28 | SC-3, SC (Female)-3, ST-1, ST (Female)-1, EBC-4, EBC (Female)-4, BC-2, BC (Female)-2, WBC-2, EWS-1, EWS (Female)-1, UR-2, UR (Female)-2 | 18,000 | |
| 5. | | हाउसफादर/ हाउसमदर | 55 | SC-3, SC (Female)-8, ST (Female)-1, EBC-3, EBC (Female)-3, BC-3, BC (Female)-5, WBC-2, EWS-2, EWS (Female)-4, UR-7, UR (Female)-14 | 18,000 | |
| 6. | | पारा मेडिकल स्टॉफ | 31 | SC-2, SC (Female)-3, ST (Female)-1, EBC-2, EBC (Female)-5, BC-2, BC (Female)-2, WBC-3, EWS-1, EWS (Female)-1, UR-3, UR (Female)-6 | बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी के कार्यपालक सहायक के अनुरूप | |
| 7. | | नर्स (महिला, विशेष इकाई,) | 36 | SC (Female)-6, ST (Female)-2, EBC (Female)-8, BC (Female)-4, WBC (Female)-2, EWS (Female)-3, UR (Female)-11 | | |
| 8. | | विशेष शिक्षक (विशेष इकाई) | 36 | SC-3, SC (Female)-3, ST-1, ST (Female)-1, EBC-2, EBC (Female)-5, BC-2, BC (Female)-2, WBC-2, EWS-1, EWS (Female)-2, UR-3, UR (Female)-9 | 18,000 | (इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा निर्धारित DA के समतुल्य राशि देय होगी। |
| **कुल** | | | **273** | | | |

नोट:- इस भर्ती/नियोजन में बिहार सरकार के द्वारा समय-समय पर निर्गत/तय की गई आरक्षण नीति लागू होगी।

I. ऑनलाईन आवेदन दिनांक-11.05.2026 से प्राप्त किये जाएँगे एवं दिनांक-31.05.2026 के अपराह्न 11:59 बजे तक स्वीकार किये जाएँगे।

II. नियोजन से संबंधित विस्तृत विवरणी, पात्रता एवं अन्य सूचना का अवलोकन समाज कल्याण विभाग के आधिकारिक वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/socialwelfare पर किया जा सकता है।

III. ऑनलाईन आवेदन https://scpsvacancy.bihar.gov.in/ पर किया जा सकता है।

IV. इस विज्ञापन में बाल गृह (बालक) एवं बाल गृह (बालिका) के रिक्त पदों के विरूद्ध विज्ञापन का प्रकाशन किया जा रहा है। बाल गृह (बालिका) में सभी पद महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित हैं। नर्स का सभी पद महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित है।

V. उम्र की गणना 01.01.2026 के आधार पर की जाएगी।

VI. जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से चयनित होकर वर्तमान में गृहों में कार्यरत कर्मियों को सरकार द्वारा नियोजित मानते हुए उन पदों पर नियोजन हेतु विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जा रहा है। इन अभ्यर्थियों को वे जिस पद पर कार्यरत हैं उस पद के विरूद्ध आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

VII. स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से चयनित होकर वर्तमान में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित गृहों में कार्यरत कर्मियों को सरकार द्वारा नियोजित नहीं मानते हुए उनके पद को रिक्त माना गया है तथा उस पद को रिक्ति में शामिल किया गया है।

VIII. पदवार, कोटिवार एक पद के विरूद्ध 10 गुणा अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। अंतिम मेधा सूची 100 अंकों के आधार पर बनाई जाएगी।

IX. जिस पद पर अभ्यर्थी की न्यूनतम वांछित शैक्षणिक योग्यता स्नातक है, उन पदों पर स्नातक प्रतिष्ठा (Hons.) में प्राप्त एवं कुल अंकों के आधार पर अंकों की गणना की जाएगी। यदि किसी अभ्यर्थी के द्वारा बिना प्रतिष्ठा (Hons.) के स्नातक किया गया है, तो वैसी परिस्थिति में स्नातक पास कोर्स के आधार पर अंकों की गणना की जाएगी।

X. पारामेडिकल स्टाफ एवं ए०एन०एम०/ नर्स के पदों हेतु अंक की गणना नर्सिंग / पारामेडिकल / ए०एन०एम० / B.sc नर्सिंग डिग्री के आधार पर की जाएगी।

XI. एक ही रजिस्ट्रेशन से विभिन्न पदों पर आवेदन किया जा सकता है।

XII. विज्ञापन एवं शर्तों से संबंधित सभी अधिकार राज्य बाल संरक्षण समिति के पास सुरक्षित हैं। राज्य बाल संरक्षण समिति विज्ञापन को संशोधित/रद्द करने के लिए अधिकार धारित करती है।

XIII. जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा उपरोक्त पदों पर यदि पूर्व में विज्ञापन का प्रकाशन किया गया है तो उस पद के विरूद्ध प्रकाशित विज्ञापन को एतद् द्वारा निरस्त किया जाता है।

29/4/2026

सचिव, समाज कल्याण-सह-
अध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण समिति।

ज्ञापांक-02/रा०बा०सं०स०(स्था०)-27/2026-597 पटना, दिनांक- 29.04.2026

प्रतिलिपि-

1. आई० टी० मैनेजर, समाज कल्याण विभाग को सूचनार्थ एवं निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त सूचना समाज कल्याण विभाग के वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
2. श्रीमती एम० एम० हाशमी, कार्यक्रम प्रबंधक, राज्य बाल संरक्षण समिति को निदेश दिया जाता है कि समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशन की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

29/4/2026

सचिव, समाज कल्याण-सह-
अध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण समिति।